श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन रथ यात्रा का भव्य स्वागत

■ सनातन धर्म की धरोहरों का संरक्षण हर सनातनी का कर्तव्य - राजेश्वर महाराज

झुंझुनूं, । श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को लेकर श्री कृष्ण रथ यात्रा जो संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर महाराज, पंडित नंदकिशोर शर्मा, रामसिंह राजोरिया, प्रकाश गौड, डॉ. लता शर्मा, लड्डू गोपाल महाराज के सानिध्य में गुजरात द्वारका से निकाली जा रही है। रविवार को यात्रा के झुंझुनूं में आगमन पर राणी सती रोड स्थित रामलीला मैदान में सर्व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जिसके बाद रथ में विराजमान श्री कृष्णा प्रतिमा की पंडित ओमप्रकाश कौशिक आचार्यत्व में विधि विधान से पूजा व अर्चना की गई तथा संगीतमय भगवान श्री कृष्ण की स्तुति की गई।

श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को लेकर श्री कृष्ण रथ यात्रा का झुंझुनूं में भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि इस अवसर पर पधारे हुए साधु संतों का शॉल, माला, दुपट्टा, पहनाकर भगवान श्री कृष्णा चित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए राजेश्वर महाराज ने सभी सनातनियों का आ ान किया कि सनातन धर्म की धरोहरों को बचाना हर सनातनी का परम कर्तव्य होना चाहिए। रामलला सदियों तक तिरपाल में विराजमान रहे। लेकिन ज्यों ही केंद्र में सनातन धर्म की सरकार का गठन हुआ। अयोध्या में सनातनी के आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण होकर रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। जिस तरह से आततायियों ने सनातन धर्म की धरोहर को नष्ट किया। उनको वापिस पुनर्जिवित करने का समय आ गया है। इसी को लेकर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के तहत यह रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे श्री कृष्ण जन्मभूमि अयोध्या में राममंदिर की तर्ज पर मुक्त करवाया जा सके। झुंझुनूं के धर्मालंबियों का अपार जन समूह से इस श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को नई उर्जा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर पवन देरवाला, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा चिड़ावा, डॉ. डीएन तुलस्यान, विनोद सिंघानिया, राजकुमार मोरवाल, प्रदीप शर्मा अलसीसर, शिवचरण पुरोहित, महेश बसावतिया, सुरेंद्र शर्मा, रघुनाथ पोद्दार, कैलाश सिंघानिया, मुरारी सैनी, संजय मोरवाल, चंद्रप्रकाश धूपिया, चंद्रप्रकाश शुक्ला, रवि गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा झेरलीवाला, संजय पारीक, विनोद जांगिड, पवन सैनी, राकेश सहल, पंकज टेलर, सौरभ सोनी, ख्यालीराम कुमावत, रामेश्वर गोसाई, पवन पुजारी, अशोक तुलस्यान, अनिल मिश्रा, एडवोकेट नीरज शर्मा, मोहनलाल बायला, ओमप्रकाश ढंढ, विजय सैनी, गोपी पुरोहित, श्रीराम सैनी, योगेश चौमाल, किशनलाल छक्कड, वशिष्ठ शर्मा, संजय शुक्ला, सुरेश तिवारी, विनोद पुरोहित, कपिल सोनी आदि काफी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

सीए विजय गर्ग और सीए महेश देवड़ा का किया स्वागत

झुंझुनूं, । मारवाडी इंटरनेशनल फैडरेशन के संस्थापक ट्रस्टी सीए विजय गर्ग एवं उनके साथ आए सीए महेश देवडा के शेखावाटी भ्रमण के दौरान श्री राणी सती जी मंदिर दर्शन के पश्चात चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया एवं अशोक केडिया ने माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। मारवाडी इंटरनेशनल फैडरेशन के संस्थापक ट्रस्टी सीए विजय गर्ग ने बताया कि हमारा लक्ष्य एक ऐसा प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन बनना है।जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्रों, क्लबों और एसोसिएशनों के माध्यम से प्रभावी व्यावसायिक नेटवर्किंग, सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धि तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सहयोग के माध्यम से दुनिया भर में मारवाडी समुदाय को सशक्त बनाए। लोगों और अधिकारियों के बीच सेतु का काम करके मारवाडी समुदाय को सशक्त बनाने वाला एक मंच प्रदान करना, स्थायी साझेदारी का निर्माण करना, आर्थिक परिदृश्य पर सकारात्मक प्रभाव डालना और उनके सामाजिक दायित्वों को बढ़ाना।

सार-समाचार

निशुल्क हेलमेट का वितरण

झुंझुनूं,। लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजधानी क्राफ्ट एंड डॉटर्स के सौजन्य से सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत मोटर वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट का वितरण गांधी चौक झुंझुनूं में मुख्य अतिथि ट्रेफिक इंचार्ज हरफूल सिंह मीणा के सानिध्य में किया गया तथा कार्यक्रम संयोजक लायन शिवकुमार जांगिड की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता के पंपलेट वितरण किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, क्लब कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड, एमजेफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, कार्यक्रम संयोजक लॉयन शिवकुमार जांगिड, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड, एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड, लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत एवं लॉयन रतनलाल शर्मा सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

खेली फूलों की होली

झुंझुनूं, ।धुलंडी के दिन नेहरू बाजार में 5 क्विंटल फूलों से होली खेली गई। यह परंपरा करीब 13 सालों से चली आ रही है। धुलंडी के दिन प्रभात फेरी परिवार की ओर से होने वाले आयोजन में शहरवासी बडी संख्या में हिस्सा लेते है। इसी क्रम में नेहरू बाजार मोदी कॉम्पलेक्स से सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। जो मुख्य मार्गों कारूंडिया रोड, नागरपुरा समेत अन्य इलाकों से होते हुए वापिस मोदी कॉम्पलेक्स पहुंची। जहां पर भक्ति गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ। धर्मप्रेमी अंकुर टीबडा ने बताया कि सभी भक्तजनों के सहयोग से यह आयोजन होता है। पहली रात को प्रभात फेरी के रास्ते में आने वाले सभी मकानों में रहने वाले लोगों को फूलों की थैलियां बांटी गई। जिसके बाद आज सुबह जब प्रभात फेरी निकली तो सभी ने राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली से अपने दिन की शुरूआत की। इसके बाद नेहरू बाजार में हुए कार्यक्रम में करीब दो घंटे तक शहरवासी होली से जुडे भक्ति गीतों पर थिरकते रहे। वहीं एक-दूसरे को इस रंगोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दी।

ऑनलाइन प्रतियोगिता

झुंझुनूं, । उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह के तहत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं द्वारा उपभोक्ता जागरूकता पर ऑनलाइन स्लोगन लिखो ईनाम पाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिला आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने बताया कि आयोग द्वारा जारी किए गए गूगल लिंक क्लिक करके कोई भी व्यक्ति (किसी भी आयु वर्ग का) इसमें हर खरीद पर बिल लेने, सही तौल, एमआरपी पर तोल-मोल, एक्सपायरी डेट वस्तुएं नहीं बेचने या खरीदने, धोखाधडी पर उपभोक्ता आयोग में शिकायत, डार्क पैटर्न के मामले, सेवादोष साबित होने पर प्रतितोष पाने, भ्रामक प्रचार कर सेवा या वस्तु बेचने पर रोक, मेडिकल नेग्लीजेंसी, अनुचित व्यापार-व्यवहार समेत उपभोक्ता जागरूकता के विभिन्न मुद्दों पर स्लोगन लिखकर सबमिट कर सकता है। चयनित श्रेष्ठ स्लोगन लिखने वाले विजेताओं को जिला स्तरीय कार्यक्रम में नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
र विहान तुलस्यान, बेबी प्रिषा तुलस्यान सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

मोटिवेशनल सेमिनार हुआ

झुंझुनूं,।सीएलसी झुंझुनूं में अभिभावकों और विद्यार्थियों के लिए विशेष पैरेंट्स-टीचर मीटिंग, काउंसलिंग सत्र एवं मोटिवेशनल सेमीनार का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने सीएलसी झुंझुनूं की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीकर की तरह ही सीएलसी का सम्पूर्ण सिस्टम अब झुंझुनूं में भी लागू किया जाएगा। ताकि यहां के विद्यार्थियों को भी वही गुणवत्ता और अनुशासन प्राप्त हो सके। जो सीएलसी को भारत के अठाणी संस्थानों में शामिल करता है। चौधरी ने बताया कि सीएलसी झुंझुनूं को तीन अलग-अलग स्तरों पर संचालित किया जाएगा। जिसमें प्री-प्राइमरी से पांचवीं तक, कक्षा छह से 10 तक (स्कूलिंग प्री-फाउंडेशन) तथा कक्षा 11 और 12 विज्ञान वर्ग के लिए फाउंडेशन कोर्स के साथ स्कूलिंग। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की जबरदस्त मांग को देखते हुए ही सीएलसी ने झुंझुनूं में अपनी शाखा खोलने का निर्णय लिया। ताकि यहां के विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सीकर जाने की जरूरत न पडे। कार्यक्रम के दौरान सीएलसी से चयनित झुंझुनूं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने सीएलसी का आभार व्यक्त किया और संस्था के अनुशासन व गुणवत्ता की सराहना की। इस अवसर पर सीएलसी सीओओ समर चौधरी, सीएलसी एचआर हैड वीरेंद्र चौधरी, सीएचएस झुंझुनूं एकेडमिक हैड उपकरण सिंह, सीआईएस सीकर प्रिंसिपल सुषमा भदौरिया, केवीएम एकेडमिक हैड जितेंद्र बाजिया एवं सीएचएस सीकर एकेडमिक हैड निलेश पिलानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बडी संख्या में अभिभावकों और छात्रों ने भाग लिया और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बताया।

चिकित्सा शिविर में 62 लोग लाभान्वित

झुंझुनूं, । महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनूं द्वारा लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, श्री कृपाशंकर मोदी एवं राधेश्याम ढंढारिया के सौजन्य से हर माह के तीसरे रविवार को आयोजित होने वाले उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह चिकित्सा शिविर में 62 लोगों ने लाभ उठाया। उपरोक्त रोगियों की जांच कर, एक माह की दवाइयां निशुल्क वितरण की गई। शिविर में डॉ. एसएन शुक्ला एवं डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड, देवेंद्र कुमार गौड, बिहारीलाल सैनी, जयप्रकाश शर्मा, रामाकांत हलवाई, रामगोपाल शर्मा, भरत तुलस्यान, सुमेरसिंह कर्णावत, ओमप्रकाश ककरानिया, बजरंगलाल अठावाल एवं काफी संख्या में वीर वीराएं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

इंदौरिया को शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा

झुंझुनूं, । जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में नीमड़ा वाली ढाणी बुडाना के भामाशाह भंवरलाल इंदौरिया का शिक्षा के लिए बेहतर सहयोग करने पर विभाग की ओर से सम्मान किया गया। इंदौरिया को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, एसडीएम हवाई सिंह यादव, सीडीईओ अनुसुईया सिंह, डीईओ मनोज कुमार ढाका, महिला अधिकारिता विभाग झुंझुनूं उप निदेशक विप्लव न्योला, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया, समाजसेवी कृष्ण गावडिया और सीए डॉ. रोहित चौधरी ने शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा।

बैठक में शिक्षक भवन बनाने का लिया निर्णय

झुंझुनूं, । राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम जिला शाखा झुंझुनूं की बैठक व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सिटी स्कूल झुंझुनूं में किया गया। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर संघ द्वारा सभी शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई तथा विभिन्न शिक्षक हितों के मुद्दों पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किए गए। इस अनुसार संगठन की सदस्यता के लिए सत्र 2025-26 की रसीद बुक वितरित की गई। जनवरी माह में जिले में आयोजित हुए प्रदेश सम्मेलन की सफलता पर जिले के समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया तथा आयोजन में हुए आय एवं व्यय का विवरण कमेटी के सामने रखा गया। कमेटी में मुख्य रूप से प्रताप नगर बालूराम स्मारक झुंझुनूं के पास स्थित संगठन की भूमि पर भवन बनाने का निर्णय लिया गया एवं जल्द ही भूमि पूजन कर शिक्षक भवन की नींव रखी जाएगी। इस कार्यकारिणी में प्रदेश संरक्षक रणवीर सिंह गोदारा, प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेदसिंह डूडी, प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री निरंजनलाल शर्मा, प्रदेश सह संगठन महामंत्री सुबेंद्र बिजारणिया, जिलाध्यक्ष अशोक कुलहरि, जिला मंत्री सुदेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुमेर कडवासरा, झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम धींवा, नवलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र झाझडिया, उदयपुरवाटी ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुलहरि, चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष अमित बराला, अलसीसर ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह राहड, मंडावा ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र बुडानिया, चंद्रभान, शेरसिंह, रजनीश, राजेंद्र बिजारणियां सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

100 प्रभुजनों को निशुल्क भोजन

झुंझुनूं, । लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को संयोजक लॉयन शिवकुमार जांगिड के संयोजन में अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद में एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान के सहयोग से 100 प्रभुजनों को निशुल्क भोजन करवाया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन शिवकुमार जांगिड, लॉयन सीए पवन केडिया, एमजेएफ लॉयन डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, मास्टर विहान तुलस्यान, बेबी प्रिषा तुलस्यान सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

मातृशक्ति व वरिष्ठ पेंशनर्स का किया सम्मान

झुंझुनूं, । राजस्थान विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ का मातृशक्त-वरिष्ठ पेंशनर्स सम्मान व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन केशव आदर्श विद्या मंदिर झुंझुनूं में रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट जज नवलकिशोर शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। सबसे पहले अतिथियों ने भारत माता, भगवान विश्वकर्माजी व ठेंगडी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अलका शर्मा ने अपने संबोधन में मातृशक्ति को नमन करते हुए उन्हें शेष जीवन को सामाजिक कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित किया। सेवा भारती प्रांत संरक्षक कैलाश शर्मा ने कहा कि हर संगठन सेवा का कार्य करें। हर व्यक्ति में ईश्वर का निवास है। इसलिए सदकर्म करते हुए घर परिवार व समाज की सेवा करें। मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन मंत्री रामगोपाल शर्मा ने पेंशनर्स के मेडिकल फंड पेंशन फंड की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को राजस्थान विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवलकिशोर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपसिंह शेखावत, रामेश्वरलाल दाधीच, कुंजबिहारी वशिष्ठ, अजमेर डिस्कॉम के एसई एमके टीबड़ा, भामसं से संजय गनोलिया, संदीप धाभाई व जेपी जांगिड ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में 100 फैमिली पेंशनर्स का शॉल व साड़ी देकर सम्मानित किया एवं 75 वर्ष से ऊपर के 10 वरिष्ठ पेंशनर्स का भी शॉल ओढाकर सम्मानित किया।

बाकोलिया जयपुर में सम्मानित

चूरू । जयपुर के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम कृषि अनुसंधान केंद्र दुर्गापुरा में डॉ. अंबेडकर उत्थान परिषद जयपुर की ओर से रविवार को पंचम सर्व समाज नारी गौरव सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक राम सहाय वर्मा व अखिल भारतीय रेगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बल नवल थे। इस दौरान बैंकिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर चूरू की बिमला देवी बाकोलिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सर्व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इधर चूरू में बिमला देवी की इस उपलब्धि के लिये समाज बन्धुओं और परिजनों ने बधाइयां दी।

श्री पंचदेव मंदिर स्वर्ण जयंती समारोह का दो दिवसीय धार्मिक आयोजन

झुंझुनूं, । श्री बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति से आयोजित किए जाएंगे। झुंझुनूं की धरती गरिमामय प्रस्तुतियों से गुंजायमान होगी। समारोह में शामिल होने देश विदेश के कोने कोने से हजारों प्रवासी भक्त आएंगे। जिनके लिए समुचित प्रबंध किया जा रहा है। अर्धशताब्दी वर्ष के इस ऐतिहासिक अवसर को चिरस्थायी बनाने के लिए 16 और 17 अप्रेल को श्री पंचदेव मंदिर के प्रांगण में सांस्कृतिक परंपराओं को बनाये रखते हुए शोभायात्रा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम रखे गए हैं। जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर भजन सम्राट अनूप जलोटा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। विश्व के अनेक देशों में भजन प्रस्तुत कर चुके अनूप जलोटा की भजन गायन की एक विशिष्ट विधा है।

वे भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान से भी अलंकृत हो चुके है। उनके गाए अनेक भजन घर घर में सुने जाते है और वे लोगों के दिलों में गहराई तक बस गए। जो उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है. दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह में वे 17 अप्रेल बृहस्पतिवार को सायंकाल एक शाम बाबा गंगाराम के नाम से भजन संध्या प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एवं इंडियाज़ गोट टैलेंट फेम सैंड आर्टिस्ट नीतिश भारती द्वारा पहली बार बाबा की सम्पूर्ण लीला की अविस्मरणीय लाइव प्रस्तुति सैंड आर्ट के माध्यम से "बाबा गंगाराम की कहानी सैंड आर्ट ने बखानी" की प्रस्तुति दी जाएगी। जो लोगों को हमारी संस्कृति और कला की एक अलग ही पहचान कराएगी। इस मौके को चिरस्थायी बनाने की हर संभव कोशिश हो रही है। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे पुष्पों और झिलमिलाती रोशनी से भव्य रूप देने चंदन नगर पश्चिम बंगाल के कारीगरों को बुलाया गया है। इस आयोजन का शुभारंभ 16 अप्रेल बुधवार को विशाल शोभा यात्रा से होगा। जो मंदिर परिसर से नगर परिभ्रमण करेगी। जिसमें विशेष रूप से श्री विठाहों के रथ सहित भक्तों द्वारा ध्वज एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी।

रथयात्रा मुकुंदगढ़ पहुंची

मुकुंदगढ़, । द्वारिका से मथुरा तक निकलने वाली श्री कृष्ण रथ यात्रा रविवार को मुकुंदगढ़ पहुंची। यह यात्रा संयुक्त भारतीय धर्म संसद के तत्वावधान में व मेहंदीपुर बालाजी मंदिर महंत नरेशपुरी के सानिध्य में निकाली जा रही है। यात्रा के साथ श्रद्धालुगण मंडी सर्किल पर पहुंचे और वहां पर भक्तों ने यात्रा का स्वागत किया। स्वागत कर कुंभ नाथ ब्रह्म बगीची परिसर पहुंचे। वहां पर आचार्य राजेश्वर के नेतृत्व में चल रही रथ यात्रा के साथ चलने वाले यात्रियों का ब्रह्म बगीची परिसर में आश्रम के महंत शैलेंद्रनाथ अघोरी बाबा ने माल्यार्पण कर मां कामाख्या देवी की प्रतिमा व दुपट्टा तथा चुनरी उड़ाकर स्वागत किया। रथ में विराजमान द्वारकाधीश भगवान व श्री कृष्णा महाकाव्य की पूजा की गई। इस अवसर पर चंद्रपाल दूलड़, रामस्वरूप सुरोलिया, भास्कर दूलड़, रवि भार्गव, चंदू भार्गव, आयुष, प्रमोद बलौदा, श्रवण शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल शर्मा, सुरेंद्र पोरवाल, पार्षद प्रेम गुर्जर, अशोक शर्मा, विक्रम घोडेला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पीसीआई में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान, एक करोड़ तक की स्कॉलरशिप दी

झुंझुनूं, । जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस कैरियर इंस्टीट्यूट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर व पीसीआई हैड अनूप सिंह ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रिंस ओलंपियाड टैलेंट सर्च परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई थी। जिसमें अलग अलग वर्ग में सफल होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने कहा कि हमारे संस्थान का उद्देश्य केवल शैक्षिक क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि हर पहलू में छात्रों को प्रोत्साहित और प्रेरित करना है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सके। समारोह में कक्षा 11 व 12 के वर्ग में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों अविका, मयूरी, देव्यांश, गजानंद, अमन, मयंक, ध्रुव, सचिन, यश, जोय, पीयूष को क्रमशः 15 हजार, 71 सौ, 51 सौ, 31 सौ व 21 सौ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं कक्षा छह से 10 तक के वर्ग में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों प्रियांशी, अक्षर चौधरी, अर्जुन, अंकित, दीक्षा, नक्ष, दिव्यम, हितेशा, आयुष, कृतिका, मधुर, गरीमा, प्रद्युमन, दीपेंद्र, सानिया, उज्ज्वल, आरुषि, देव्यांशी, भाविन, काव्यांश, युवराज, अनिशा, विहान, कनिष्का, प्रशांत, अनाया, धीरज, आयुष, भूमिका को क्रमशः 11 हजार, 71 सौ, 51 सौ, 31 सौ व 21 सौ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी के साथ 300 से अधिक छात्रों को पीएसआई किट (टी शर्ट, प्रतीक चिह्न, पेन आदि) देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा के सभी चयनित छात्रों को एक करोड रूपए तक की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस दौरान उपस्थित छात्रों को कैरियर गाइडेंस प्रदान की गई। जिसमें प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर, संस्थान निदेशक निर्मल कालेर, प्रिंसिपल अनिता शर्मा व महेंद्र सैनी ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन से प्रेरित किया।

श्रीकृष्ण रथयात्रा का भव्य स्वागत

डूंडलोद, । श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के तहत चार मार्च को द्वारिका पीठ गुजरात से शुरू हुई श्री कृष्ण रथ यात्रा का रविवार को डूंडलोद पहुंचने पर कस्बेवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। डूंडलोद गढ़ के सामने आयोजित स्वागत समारोह में संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की पृष्ठभूमि से लेकर अब तक की परिस्थितियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि द्वारिका से मथुरा तक निकाली गई यह पहली यात्रा 23 मार्च को मथुरा पहुंचेगी। इसके पश्चात देश के विभिन्न भागों से तीन रथ यात्रा और निकाली जाएगी। जो क्रमशः रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी एवं वैष्णो देवी से रवाना होकर मथुरा तक पहुंचेगी। इन यात्राओं का उद्देश्य इस आंदोलन के प्रति पूरे देश में जागरूकता पैदा कर लोगों को एकजुटता का संदेश देना है। आचार्य राजेश्वर ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा एवं हमारे धर्म स्थलों को बंधन मुक्त कराने के लिए सभी को एकजुट होकर तन, मन, धन से इस आंदोलन से जुड़ना होगा।

पीने के पानी को तरसे ग्रामीण, आंदोलन की दी चेतावनी

खिरोड । कस्बे में जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते कस्बे में पेयजल की किल्लत बढने लगी है। कस्बे के वार्ड संख्या 4 के हालत तो ऐसे बन गए है कि करीब20दिनों से कई घरों में पानी की बूंद भी नसीब नहीं हो रही है। लोग निजी टैंकरों से पानी मंगवा रहे है। कहने को तो खिरोड में जेईएन हैड क्वार्टर भी है, पर सिवाय बाबू के कोई नहीं बैठता है। इस संबंध में संबंधित जेईएन कहती है। मेरे पास तो एडिशनल चार्ज है। वहीं एईएन कहते है कि मेरे पास तो 109 गांवों की जिम्मेदारी है।

मैं कहां-कहां संभालूं। करने को काम इतना सा है कि एक ट्यूबवैल की राइजिंग लाइन को 30 मीटर बढ़ाकर वॉल्व भी लगा दिया जाए तो एक बार थोडी राहत मिल सकती है। इस संबंध में कस्बे के वार्ड संख्या चार के निवासी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि जलदाय विभाग के दोनों अधिकारियों को पहले अवगत करवा दिया था, पर पानी के लिए भटक रहे लोगों की पीडा को दूर करने के लिए मौका देखने भी जिम्मेदार अधिकारी एईएन को समय तक नहीं है। शर्मा ने झुंझुनूं कलेक्टर से प्रभावी कारवाई करवाने की मांग कर सप्ताह भर में समाधान नहीं मिलने पर वार्ड के लोगों के साथ एईएन हेडक्वार्टर पर धरना देकर जेईएन ऑफिस को ताला लगाने की चेतावनी दी है। कस्बे के वार्ड संख्या 4 के ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि जब तक पेयजल सप्लाई की पूर्णतया व्यवस्था नहीं हो जाए तब तक पानी के टैंकर भिजवाए जाएं। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन में इस मोहल्ले में नई पाईप लाइन डालनी थी। जिसके लिए संबंधित ठेकेदार द्वारा गड्ढे भी खोद दिए गए। गड्ढे खोदने के बाद पाइपलाइन डालना तो दूर की बात है। पाइपलाइन डालने वाले पाइपों को ही उठकरा ले गए। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से नई पाइपलाइन डालकर कई दिनों से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान करवाएं जाने की मांग की है।

मनाया होली स्नेह मिलन

झुंझुनूं, । रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा झुंझुनूं की मासिक बैठक तथा होली स्नेह मिलन कार्यक्रम स्थानीय केशव आदर्श विद्या मंदिर परिसर में उप शाखा अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए उप शाखा अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में नव संवत्सर कार्यक्रम तथा समरसता दिवस अंबेडकर जयंती के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। नव संवत्सर कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व संध्या पर कलेक्ट्रेट के सामने दीप प्रज्वलन किया जाएगा तथा 30 मार्च को प्रसाद वितरण एवं तिलक लगाकर नव संवत्सर तथा 14 अप्रेल को समरसता दिवस मनाने का निर्णय लिया।

वरिष्ठ कार्यकर्ता जितेंद्र गौड ने समरसता दिवस के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह पवन दाधीच तथा जिला कार्यवाह विजेन्द्र सिंह का विभिन्न सामाजिक सरोकारों से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला पर्यवेक्षक मंजू सोनानिया, जिलाध्यक्ष राजेश जांगिड, जिला मंत्री राजेश हलवान, शाखा कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, रामसिंह बारहठ, रमेश पूनियां, अरुण चौमाल, रतनी बुडानिया, अजीत चौधरी, हेमंत सोनी, समीर शर्मा, राजेश स्वामी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

लॉयंस क्लब झुंझुनूं का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

झुंझुनूं, । बागड रोड स्थित पंसारी लॉयंस हॉस्पिटल में रविवार दोपहर को होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व क्लब की सभा क्लब अध्यक्षा डॉ. बबिता कुमावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता ने गत सभा की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। क्लब कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।इस अवसर पर नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा ने आगामी एक जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी का नॉमिनेशन सभा में प्रस्तुत किया।

जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। क्लब पीआरओ एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उन्हें साफा एवं दुपट्टा ओढ़ाकर गमला लगा हुआ पौधा भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। सभा का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। जिसके बाद सभी ने होली स्नेह मिलन के अवसर पर आयोजित दोपहर भोज में भाग लिया। सभा में क्लब अध्यक्षा डॉ. बबिता कुमावत, सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड, क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, अध्यक्षीय सलाहकार परमेश्वर हलवाई, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, पीआरओ एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, शिवकुमार जांगिड एवं योगेश खंडेलिया सहित क्लब पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

झुंझुन में रविवार दोपहर को होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया ।

पांच क्विंटल फूलों से खेली होली

झुंझुनूं, । धुलंडी के मौके पर फूलों की होली भी खेली गई। झुंझुनूं शहर के खेमी शक्ति मंदिर में पिछले 15 सालों की तरह इस बार भी 16वें साल फूलों की होली खेली गई। जिसमें बड़ी संख्या में शहर की महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मंदिर परिसर को भी होली के रंग में सजाया गया गया था। भजन गायक रवि तुलस्यान तथा सूर्यकांत टीबड़ा ने होली के भजनों की प्रस्तुतियां दी। तो करीब दो घंटे तक महिलाओं ने जमकर डांस किया और एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली मनाई। खेमी शक्ति मंदिर ट्रस्ट के सचिव श्यामसुंदर टीबड़ा ने बताया कि इस बार फूलों की होली खेलने का यह आयोजन 16वीं बार किया गया था। जिसके लिए तीन क्विंटल गैंदे और गुलाब के फूल मंगवाए गए थे। सभी महिलाओं और पुरूषों ने फूलों से ही होली खेली और एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर उमेश जालान, झुंझुनूं प्रगति संस्थान के अध्यक्ष व शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी, गल्ला व्यापार संघ के महामंत्री आनंद टीबड़ा, डॉ. डीएन तुलस्यान, भामाशाह विश्वनाथ टीबड़ा, अजीत राणसरिया, कैलाश सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, अंकुर टीबड़ा, सुशील टीबड़ा, किरण टीबड़ा, सुनिता टीबड़ा, शीतल टीबड़ा, संगीता राणासरिया, प्रियंका टीबड़ा समेत बड़ी संख्या में शहर के विशिष्टजनों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम को रंगभरा बना दिया।